दैनिक सवेरा
टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजी. टैक्नीकल कैंपस में हर्षोल्लास से फेयरवैल पार्टी आयोजित

'मैमोरी हीस्ट' के थीम पर आयोजित पार्टी में स्टूडैंट्स ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

● पार्टी के हसीं पलों को जूनियर व सीनियर्स ने खूब किया एंजवाय, दीं शुभकामनाएं

सवेरा न्यूज/सतीश शर्मा

जालंधर, 4 मई : महानगर के एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग में एम.सी.ए., बी.सी.ए. और बी-कॉम ऑनर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक सफल फेयरवैल पार्टी आयोजित हुई। 'मैमोरी हीस्ट' के थीम पर आयोजित इस पार्टी में स्टूडैंट्स ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। पार्टी में हिस्सा ले स्टूडैंट्स का उत्साह पूरे चरम पर नजर आया। फेयरवैल पार्टी का हिस्सा बने स्टूडैंट्स ने पूरे उत्साह के साथ खूब मस्ती की। उन्होंने फनर, ट्रम्प, सोल और रैप वॉक जैसी विभिन्न गतिविधियों में पूरे जोशो-खरोश से हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मस्ती-उल्लास के दौर में अपने आत्मविश्वास और संस्कार कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया। लड़कों ने भी अपने सकारात्मक रवैये और आत्मविश्वास से दर्शकों पर अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी। इस दौरान जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उधर, संस्थान के निदेशक डा. राजेश धत्त ने सबसे पहले इंस्टीच्यूट की उपलब्धियों से भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उन्हें उन पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने इंस्टीच्यूट से पढ़ाई पूरा करके जा रहे स्टूडैंट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान में आयोजित फेयरवैल पार्टी के सफल आयोजन पर जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों को जमकर तारीफ भी की। पार्टी में आयोजित की प्रतियोगिताओं में छात्र अनुज खन्ना को 'मिस्टर फेयरवैल' का खिताब दिया गया। उन्होंने कहा कि यह खुद उनके सारे सपनी सीनियर्स, कालेज स्टाफ और प्रबंधकों संग पार्टी में बिताए सभी पलों को हमेशा याद रखेंगे। इस मौके पर एपीजे एजुकेशन की चेयरपर्सन सुरभा धीर चेतीराज समेत संस्थान का समूह स्टाफ भी उपस्थित रहे।

एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजी. टैक्नीकल कैंपस में आयोजित फेयरवैल पार्टी के दृश्य।

JALANDHAR SAVERA Edition
May 5, 2023 Page No. 5
Powered by : eReleGo.com

Dainik Savera 05May2023

11:26 am ✓